दिनांकः 26 / 01 / 2023

## प्रकाशनार्थ

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 74वा गणतंत्र दिवस**

**राष्ट्र निर्माण में, पूर्वांचल के विकास में गोरखपुर विश्वविद्यालय की भूमिका को बढ़ाना ही संकल्प**

**एनसीसी छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका दिल जीता**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में 74वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो राजेश सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कुलपति ने सभी शिक्षकों,अधिकारियों, कर्मचारियों तथा छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि हम सबके लिए यह महत्वपूर्ण अवसर है कि हम आजादी का अमृत वर्ष में गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी हो रहे है। सभी वीर जवानों की वीरता को नमन किया जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। आज उन सभी वैज्ञानिकों तथा शिक्षाविदों को भी याद करें जिन्होंने देश एवं समाज की उन्नति के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया। ऐसे सभी प्रतिभाओं को भी याद करें जिनकी योगदान से आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है, और और 2030 तक भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है। आर्थिक सुधारों के साथ भारत आत्मनिर्भरता एवं आत्मसम्मान की ओर आगे बढ़ रहा है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है।

राष्ट्र निर्माण में, पूर्वांचल के विकास में गोरखपुर विश्वविद्यालय की भूमिका को बढ़ाना ही संकल्प

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया था तभी संकल्प किया था कि राष्ट्र निर्माण में तथा पूर्वांचल के विकास में विश्वविद्यालय की भूमिका को बढ़ाना है। नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस मिलने के बाद विश्वविद्यालय आज जहां खड़ा है सभी इसकी ओर देख रहे हैं। विश्वविद्यालय सफलता के शिखर पर है। ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त करके देश के शीर्ष के 4 विश्वविद्यालय में अपना स्थान बनाया है। ए प्लस प्लस मिलने के बाद विश्वविद्यालय के प्रगति के रास्ते खुल गए हैं, हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों की प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे। पूर्वांचल को शिक्षा के बड़े हब के रूप में विकसित करने की जिम्मेदारी अब हमारी है। 80 से 85 प्रतिशत बच्चे गोरखपुर विश्वविद्यालयों जैसे संस्थाओं में पढ़ते हैं। शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अब इस उपलब्धि को संजोए रखना है, इसके लिए कठिन परिश्रम करने की जरूरत है और शोध एवं उद्यमिता के नए क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।

नैक प्रशिक्षण के लिए स्टार्टअप खोलेगा विवि

हमारे पास इनक्यूबेशन सेंटर हैं उससे जुड़ने की जरूरत है। हम नैक प्रशिक्षण का स्टार्टअप खोलने जा रहे हैं। जिससे हम अपने 300 महाविद्यालयों और बाहर के महाविद्यालयों को ट्रेनिंग दे सकें। हमे नेतृत्व देना है। सभी विभाग आगे आये।

ए प्लस प्लस के बाद कंपनियों ने शुरू की दिखानी रुचि

नैक ग्रेड मिलने के बाद बहुत ही कंपनियां हमारे प्लेसमेंट सेल से बातचीत कर रही है। हमारे बच्चों को खास कर विधि तथा एमबीए के छात्रों को प्लेसमेंट देना चाह रहे हैं। सभी विभाग आगे आये। हमारी चर्चा एप्पल से चल रही है। हमें ऐसी व्यवस्था को बनाना है जिससे एप्पल आये और बच्चों को ट्रेनिंग दे।

ऑनलाइन सेल तैयार

विश्वविद्यालय में 500 कंप्यूटर्स का ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेल बनाया गया है जिसमें 500 बच्चे ऑनलाइन एग्जाम एक साथ दे सकते हैं।

इस अवसर पर कुलपति ने एनसीसी के विद्यार्थियों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। कुलपति ने उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर एनसीसी की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मनमोह लिया।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur